कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक–शिविरा/मा/संस्था/सी–6/राज. विज्ञान/स्थानान्तरण/2020–21/1–805 दिनांक–04.01.2021 के द्वारा परमेश्वरी धनखड़ व्याख्याता, राजनीति विज्ञान राउमावि निराधनू, अलसीसर, झुझुनु का स्थानांतरण राउमावि बैजासर, चूरू किया गया। अपीलार्थी परमेश्वरी धनखड ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 387/2021 परमेश्वरी धनखड बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 387/2021 के क्रम में माननीय अधिकरण के अंतरिम आदेश दिनांक 21.01.2021 द्वारा विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांकः 04.01.2021 का क्रियान्वयन अपीलार्थी के पदस्थापन के संबंध में माननीय अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित कर यह स्पष्ट किया है कि अपीलार्थी को वहीं कार्यरत रखा जावे, जहां पर वह चुनौती आदेश पारित किये जाने से पूर्व कार्यरत था।

अतः माननीय अधिकरण के अतंरिम निर्णय दिनांक 21.01.2021 की पालना में अपीलार्थी श्रीमती परमेश्वरी धनकड़ का पदस्थापन राउमावि निराधनू, अलसीसर, झुझुनु किया जा कर उनके स्थान पर पदस्थापित सीता कुमारी का समायोजन राउमावि खेरला, सुरजगढ, झुंझुनुं व्याख्याता राजनीति विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाता है। उक्त पदस्थापन/समायोजन माननीय अधिकरण के आगामी, अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/अभ्यावेदन/ अ. 387/2021
दिनांकः– 18/02/2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
1.संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग ....।
2.संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा...........................।
3.मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा ....।
4.जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर..................................।
5.विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6.सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7.संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि/राबाउमावि ....।
8.गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर